आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)<br>प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 शुक्रवार दिनांक 16.01.2026

><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><

मुख्य समाचारः–

1– राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस पर नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि केवल दस वर्षों में स्टार्टअप इंडिया क्रांति बन गया है।

2– धान खरीदी में अनियमितता बरतने के आरोप में प्रदेश के बारह जिलों के समिति प्रबंधकों तथा धान खरीदी से जुड़े अड़तीस कर्मचारियों पर कार्रवाई की गई।

3– गरियाबंद जिले के उरमाल में एक कार्यक्रम के दौरान हुए अश्लील डांस के मामले में मैनपुर के एसडीएम को निलंबित किया गया।

और

4– आरंग के पास हुए सड़क हादसे में पिता–पुत्र सहित एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत।

.............

<u>प्रधानमंत्री–स्टार्टअप इंडिया</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि केवल दस वर्षों में स्टार्टअप इंडिया क्रांति बन गया है। राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस के अवसर पर नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित कार्यक्रम में श्री मोदी ने कहा कि भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप तंत्र है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस के अवसर पर स्टार्टअप्स संस्थापकों और नवोन्मेषकों का एकत्र होना, तेजी से विकास कर रहें नए भारत के भविष्य को दिखाता है।

श्री मोदी ने इस अवसर पर प्रदर्शनी क्षेत्र का अवलोकन किया और प्रदर्शकों से बातचीत की।

इस अवसर पर केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पिछले एक दशक में स्टार्टअप तंत्र में बहुत बड़ा बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि वर्ष दो हजार सोलह में केवल चार सौ स्टार्टअप थे, जिनकी संख्या अब दो लाख से अधिक हो गई हैं।

गौरतलब है कि स्टार्टअप इंडिया की शुरूआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक दशक पहले सोलह जनवरी दो हजार सोलह में की थी।

बातों–बातों–में

प्रादेशिक समाचार एकांश का समसामयिक विषयों पर आधारित कार्यक्रम ''बातों–बातों में'' केन्द्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे स्टार्टअप इंडिया अभियान पर केन्द्रित रहेगा। इसके तहत जशपुर जिले के जशप्योर ब्रांड की जानकारी दी जाएगी। इसका प्रसारण कल सत्रह जनवरी को आकाशवाणी केन्द्र रायपुर द्वारा एफ.एम. और प्राईमरी चैनल पर सुबह नौ बजे से किया जाएगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

वंदे मातरम्–कार्यक्रम

राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् की एक सौ पचासवीं वर्षगांठ के अवसर पर राज्यभर में चार चरणों में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत दूसरे चरण के कार्यक्रमों का आयोजन उन्नीस से छब्बीस जनवरी तक किया जाएगा। गणतंत्र दिवस के अवसर पर रायपुर में राज्यपाल तथा जगदलपुर में मुख्यमंत्री के आतिथ्य में विशेष कार्यक्रम आयोजित होंगें। राज्य के

सभी जिला मुख्यालयों, ग्राम पंचायतों तथा स्कूल–कॉलेजों में ध्वजारोहण और राष्ट्रगान के बाद सामूहिक वंदे मातरम् गायन किया जाएगा। साथ ही विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में एनसीसी, एनएसएस, स्काउट तथा गाइड्स की सहभागिता के साथ वंदे मातरम् से संबंधित संगीतमय प्रस्तुतियां, निबंध प्रतियोगिता, विशेष सभाएं, क्विज प्रतियोगिता सहित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

अरूण साव–प्रेसवार्ता

उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने आज रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में कहा कि राज्य सरकार प्रत्येक ग्रामीण परिवार को सुरक्षित, शुद्ध और सतत पेयजल उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होने कहा कि वर्तमान में छह हजार पांच सौ बहत्तर गांवों में शत–प्रतिशत घरेलू नल कनेक्शन पूर्ण हो चुके हैं। वहीं, पांच हजार पांच सौ चौंसठ गांवों को ''हर घर जल ग्राम'' घोषित किया गया है। उपमुख्यमंत्री श्री साव ने बताया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत राज्य में अब तक चालीस लाख सत्यासी हजार सत्ताईस घरेलू नल कनेक्शन जारी किए जा चुके हैं। श्री साव ने बताया कि बत्तीस लाख घरों तक नल के माध्यम से शुद्ध पेय जल की आपूर्ति की जा रही है।

एसडीएम–निलंबित

गरियाबंद जिले के उरमाल में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कलाकारों द्वारा किए गए अश्लील डांस के मामले में मैनपुर के एसडीएम तुलसी दास मरकाम को निलंबित कर दिया गया है। रायपुर संभाग के आयुक्त महादेव कावरे ने जांच के बाद यह कार्रवाई की है। जारी आदेश में उन्होंने एसडीएम तुलसी दास मरकाम के आचरण को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा उन्नीस सौ पैंसठ के

नियम–तीन का उल्लंघन मानते हुए उन्हें निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में एसडीएम का मुख्यालय बलौदाबाजार–भाटापारा जिला होगा।

धान–राइस मिल सील

धान खरीदी में अनियमितता बरतने के आरोप में प्रदेश के बारह जिलों के समिति प्रबंधकों तथा धान खरीदी से जुड़े अड़तीस कर्मचारियों पर कार्रवाई की गई है। तीन कर्मचारियों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज की गई है। वहीं, इकतीस कर्मचारियों के विरूद्ध निलंबन की कार्रवाई की गई है। एक कर्मचारी की सेवा समाप्त कर दी गई है। साथ ही तीन कर्मचारियों को कार्य से पृथक किया गया है।

उधर, कस्टम मिलिंग में गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर मुंगेली जिला प्रशासन द्वारा बड़ी कार्रवाई करते हुए जिले की चौदह राइस मिलों को सील कर दिया गया है।

वहीं, जांजगीर–चांपा जिले में खाद्य विभाग द्वारा एक राईस मिल पर छापा मारकर साढ़े बाईस हजार क्विंटल धान जब्त किया गया है। इसकी कीमत सात करोड़ रूपए बताई जा रही है। गौरतलब है कि एक दिन पहले भी सात करोड़ रूपए कीमत का बाईस हजार आठ सौ क्विंटल धान जब्त किया गया था।

रायपुर–साहित्य उत्सव

छत्तीसगढ़ की साहित्यिक और सांस्कृतिक विरासत को नई ऊर्जा देने तथा देशभर के साहित्यकारों, चिंतकों, कलाकारों और पाठकों को एक मंच पर लाने के उद्देश्य से तेईस से पच्चीस जनवरी तक 'रायपुर साहित्य उत्सव' का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान देश के विभिन्न हिस्सों से आए प्रसिद्ध साहित्यकार, कवि, लेखक, पत्रकार, विचारक और युवा रचनाकार एक साथ

मंच साझा करेंगे। कार्यक्रम के दौरान साहित्यिक संवाद, पुस्तक विमोचन, विचार–मंथन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और कला–प्रदर्शन आयोजित किए जाएंगे। यह आयोजन अटल नगर नवा रायपुर स्थित पुरखौती मुक्तांगन में किया जाएगा। साहित्य उत्सव के तहत एक पुस्तक मेले का आयोजन भी किया जाएगा।

दुर्घटना

राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक–तिरपन में आरंग के पास हुए सड़क हादसे में पिता–पुत्र सहित तीन लोगों की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक ये लोग दो पहिया वाहन से पारागांव के पास महानदी में मछली पकड़ने जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही हाइवा ने मोटर साइकिल को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। सभी मृतक आरंग के बागेश्वर पारा के निवासी बताए जा रहे हैं। घटना के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने वाहन को जब्त कर जांच शुरू कर दी है।

आईईडी–बरामद

बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों ने माओवादियों द्वारा लगाए गए दो आईईडी बरामद किए हैं। मद्देड़ थाना क्षेत्र के सोमनपल्ली–बंदेपारा कच्चे मार्ग पर माओवादियों द्वारा सुरक्षा बल को नुकसान पहुंचाने के नियत से दस–दस किलोग्राम के दो आईईडी लगाए गए थे, जिसे समय रहते बरामद कर लिया गया। बम निरोधक दस्ते द्वारा आईईडी को नष्ट कर दिया गया है। वहीं, कोण्डापड़गु क्षेत्र में जमीन के भीतर गड्ढा खोदकर छुपाकर रखी गई माओवादी सामग्री भी बरामद की गई है।

गांजा—बरामद

महासमुंद पुलिस ने गांजे की तस्करी के आरोप में ओड़िशा निवासी तीन अंतर्राज्यीय तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पच्चहतर लाख रूपए कीमत का डेढ़ सौ किलो गांजा जब्त किया गया है। इसके अलावा दो वाहन और तीन मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

बस्तर पंडुम

बस्तर संभाग में आयोजित किए जा रहे बस्तर पंडुम के तहत आज जगदलपुर में स्थित कनेरा रोड के ऑडिटोरियम में जनपद स्तरीय कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। तीन दिवसीय इस कार्यक्रम के माध्यम से बस्तर जनपद की लोक कला से जुड़ी प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया गया है। कार्यक्रम के पहले दिन वन औषधियों से संबंधित प्रदर्शनी लगाई गई। साथ ही विभिन्न जनजातीय दलों द्वारा पारंपरिक नृत्य और वाद्य यंत्रों की मनमोहन प्रस्तुति भी दी गई।

विशेष—कार्यक्रम

आकाशवाणी केन्द्र रायपुर से आज रात आठ बजे भारत सरकार द्वारा जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए किये जा रहे प्रयासों पर एक विशेष कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा। इसका प्रसारण छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र एक साथ करेंगे।

संक्षिप्त समाचार

– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जशपुर प्रवास के दौरान जिले में एक सौ बाईस करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। उन्होंने उज्ज्वला योजना के तहत दो हजार से अधिक महिलाओं को घरेलू गैस कनेक्शन भी प्रदान किए।

– नवा रायपुर में तीन फरवरी से ओपन गोल्फ चैंपियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री और खेल मंत्री अरुण साव ने बताया कि इस प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को डेढ़ करोड़ रूपए के पुरस्कार दिए जाएंगे।

और

– जांजगीर में हुई बीस लाख रूपए की लूट के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से तेरह लाख पचहत्तर हजार रूपए की राशि बरामद की गई है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>